
आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :299 पृष्ठ -4 दिनांक 27 अक्टूबर 2024 दिन रविवार

# दिवाली से पहले यूपी के इन छात्रों को CM योगी का तोहफा, मुख्यमंत्री ने जारी किए 5.86 करोड़ रूपये

## सीएम योगी ने कहा मैं आश्वस्त करता हूं, जो भी संस्कृत में विशिष्ट शोध की थीसिस लिखेंगे

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवाली से पहले उत्तर प्रदेश संस्कृत परिषद के छात्रों को बड़ा गिफ्ट दिया है. सीएम योगी ने वाराणसी में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया और 69195 विद्यार्थियों के लिए 5. 86 लाख की छात्रवृत्ति की राशि जारी की. सीएम योगी ने कहा सनातन धर्म की ऊर्जा का एक स्वर यहां आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत होकर गुंजायमान हो रहा था. संस्कृत को समझना है तो इस स्वर के अंतःकरण में स्वयं को समाहित करना पड़ेगा. मैं आश्वस्त करता हूं, जो भी संस्कृत में विशिष्ट शोध की थीसिस लिखेंगे, कुछ अच्छा कार्य करेंगे, उन



सभी आचार्यों और छात्रों को हम स्कॉलरशिप देने की घोषणा करने जा रहे हैं. संस्कृत भाषा और उसका साहित्य हमारा सबसे बड़ा खजाना उन्हा.

'ने कहा कि महर्षि अरविन्द ने कहा था संस्कृत भाषा और उसका साहित्य हमारा सबसे बड़ा खजाना है. भारतीय संस्कृति के संरक्षण का दायित्व केवल संस्कृत

उठा सकती है, संस्कृत के प्रति अनुराग रखने वाले लोग उठा सकते हैं, संस्कृत के प्रति श्रद्धा का भाव रखने वाला, आज का युवा उठा सकता है.इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश संस्कृत परिषद को मान्यता तब मिल पाई जब हम लोगों की सरकार वर्ष 2017 में आई. सीएम योगी ने कहा उत्तर प्रदेश में जितने भी संस्कृत के बच्चे हैं, प्रथमरू से लेकर आचार्य तक, इन सबके फॉर्म भरवाने हैं, सबको स्कॉलरशिप उपलब्ध करवानी है, इसके लिए हर संस्थान को अपने स्तर पर प्रयास करना पड़ेगा.युद्धस्तर पर कार्य करने की आवश्यकता

सीएम योगी ने कहा कि जहां पर भी कोई व्यक्ति, कोई आश्रम, कोई अच्छा छात्रावास बनाकर देगा, विद्यालय देगा, बच्चों के रहने व खाने की निःशुल्क व्यवस्था करेगा, हम अनुदान देकर के उस संस्थान को संस्कृत की मान्यता के लिए, अच्छे आचार्यों की नियुक्ति करने के लिए एक स्वतंत्रता भी देंगे. आज के परिपेक्ष में संस्कृत का उपयोग किस रूप में आगे बढ़ा सकते हैं, इसको भारतीय संस्कृति के दृष्टि से, वैज्ञानिक भाषा है इस दृष्टि से भी. इस पर लगकर के युद्धस्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है.

### ड्यूटी पर जा रही नर्स का अपहरण, हाथ-पैर बांधकर ट्रैक पर फेंका, परिजनों ने जताई गैंगरेप की आशंका

उत्तर प्रदेश चित्रकूट के बरगढ़ थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक प्राइवेट अस्पताल में काम करने वाली नर्स का दिनदहाड़े अगवा कर लिया गया और बाद में वह बेहोशी की हालत में रेलवे पर मिली. मौके पर पीड़िता के हाथ पैर बंधे हुए थे और वह खून से लथपथ थी. पीड़िता के पिता की शिकायत के बाद पुलिस ने देर रात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस अधीक्षक के अनुसार, घटना स्थल के आस–पास और प्रयागराज तक आरोपियों की तलाश के लिए विशेष पुलिस टीमें गठित की गई हैं.

पत्थर मारकर किया अपहरण पुलिस ने आसपास के इलाकों और पीड़िता के कार्यस्थल के सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि बरगढ़ थाना क्षेत्र की एक नर्स ड्यूटी के लिए जा रही थी, तभी पीछे से एक अज्ञात युवक ने उसके सिर पर पत्थर मार दिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी. इसके बाद कथित तौर पर तीन लोगों ने उसे उठाकर रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया. मौके पर रेलवे कर्मचारियों ने पीड़िता को देख पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया गया. पीड़िता की स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर प्रयागराज रेफर कर दिया है.गैंगरेप की आशंका परिजनों ने इस घटना में पीड़िता के साथ गैंगरेप की आशंका जताई है. हालांकि पुलिस का कहना है कि मेडिकल परीक्षण के बाद ही इसकी पुष्टि हो पाएगी. इस मामले में एडिशनल एसपी सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं. युवती ने बताया है जब तक उसको होश था तो तीन लड़के थे, उसके होश रहने तक आरोपियों ने उसके साथ कुछ भी नहीं किया है. पुलिस आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है. अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही इस घटना का खुलासा किया प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण करने के बाद रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने तीन जोन के रेल अफसरों के साथ ही महाकुंभ की व्यवस्था में जुड़े यूपी सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने कहा कि महाकुंभ में ट्रेनों से आने वाले श्रद्धालुओं को रेलवे हर संभव और बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराएगा. यात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाएगा. इस बारे में पहले ही होमवर्क कर लिया गया है. प्रयागराज शहर के सभी नौ रेलवे स्टेशनों पर सर्कुलेटिंग एरिया के साथ ही फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्म, बिल्डिंग्स व रास्तों का निर्माण और आधुनिकीकरण कराया जा रहा है राज्य सरकार के अफसरो के साथ पूरी तरह तालमेल रखने को कहा गया है. उनके मुताबिक महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सेफ्टी और उन्हें बेहतर सुविधाएं मुहैया कराना सभी की प्राथमिकता है. रेलवे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित सुखद और यादगार अनुभूतियों के साथ वापस उनके घर तक पहुंचाएगा.

## लखनऊ के कई होटलों को बम से उड़ाने की धमकी फिरौती के लिए भी आया मेल



गुजरात के बाद अब उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कई होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. मेल भेज कर होटल को बम से उड़ाने की दी गई है. मेल के जरिए राजधानी के करीब दस होटल्स को उड़ाने की धमकी दी गई है. धमकी मिलने की सूचना के बाद पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है. राजधानी के जिन होटल्स को उड़ने का मेल आया है, उसमें होटल मेरिएट, सारका होटल, पकडिल्या होटल, कम्फर्ट होटल विस्टा, फॉर्च्यून होटल, लेमनट्री होटल, क्लार्क अवध होटल और दयाल गेटवे होटल्स शामिल हैं. मेल आने के बाद इन होटल्स के मालिकों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी. इसके बाद पुलिस अलर्ट हो गई और होटल्स के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है. हालांकि ये कोई पहली घटना नहीं है. इससे पहले शनिवार को भी ऐसा एक मामला सामने आया था.राजकोट में भी मिली थी धमकी गुजरात के राजकोट में कम से कम 10 होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी. इस सूचना से हरकत में आई पुलिस ने व्यापक सुरक्षा उपाय शुरू कर दिए थे. ये सभी धमकियां ईमेल के जरिए मिली थी. अधिकारियों ने सभी प्रभावित स्थानों पर गहन जांच करने के लिए बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड तैनात किए थे. राजकोट के जिन होटलों को धमकी मिली उनमें इंपीरियल पैलेस, ग्रैंड रीजेंसी, सयाजी होटल और होटल सीजन्स शामिल थे. इस मामले को लेकर पुलिस हाई अलर्ट पर है. इसके साथ ही धमकी भरे यह ईमेल कहां से आए हैं इसकी जांच जारी है. ष्कान दीनष नामक यूजर द्वारा भेजे गए ईमेल में एक सख्त चेतावनी देते हुए लिखा गया, ष्मैंने आपके होटल के हर स्थान पर बम रखे हैं. आज कई लोगों की जान चली जाएगी, जल्दी करो और होटल खाली करो.ष्बीते कुछ दिनों से बम से उड़ने की धमकी मिलने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं. कुछ मीडिया रिपोर्टस की माने तो बीते करीब 10 दिनों में 150 से ज्यादा फ्लाइट्स को ऐसी धमकी मिल चुकी है.

## उत्तरकाशी में 55 साल पुरानी मस्जिद पर विवाद जारी, पुलिस ने 8 नामजद समेत 200 लोगों पर दर्ज की FIR

उत्तरकाशी में 55 साल पुरानी मस्जिद को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. करीब दो महीने पहले इस मस्जिद को अवैध बताने वाले एक धार्मिक संगठन ने हाल ही में जनाक्रोश रैली का ऐलान किया था. इसके बाद शहर में माहौल तनावपूर्ण हो गया. जिसके चलते पुलिस और प्रशासन को सख्त कदम उठाने पड़े. पथराव और लाठीचार्ज की घटनाएं सामने आईं, पूरे मामले में आठ नामजद और 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है.इलाके में धारा 163 लागू घटना के तीसरे दिन शनिवार को उत्तरकाशी में बाजार खुले, लेकिन यहां अभी भीमामूली तनावपूर्ण स्थिति है. इसी क्रम में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए धार्मिक संगठन के तीन प्रमुख पदाधिकारियों जितेंद्र सिंह, सोनू नेगी और सूरज डबराल को गिरफ्तार किया है. इन्हें धारा 163 के उल्लंघन और पहले से दर्ज मुकदमों के चलते हिरासत में लिया गया है.प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई के अध्यक्ष सुभाष बडोनी ने व्यापारियों की एकजुटता की सराहना करते हुए दिवाली तक प्रतिष्ठानों को साप्ताहिक बंदी से छूट देने का आग्रह किया. उनका कहना है कि व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को खोले रखने का फैसला किया है ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो.मस्जिद के खिलाफ लगे नारेइस मस्जिद को लेकर विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब एक धार्मिक संगठन ने इसे अवैध बताते हुए प्रदर्शन शुरू किया. संगठन का कहना था कि मस्जिद लगभग 2 नाली जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई है. इसके बाद सितंबर को अवैध मीट दुकानों के खिलाफ किए गए जुलूस में भी मस्जिद के खिलाफ नारेबाजी हुई.उत्तरकाशी के बाड़ाहाट क्षेत्र में स्थित यह मस्जिद वर्ष 1969 में बनाई गई थी. उस समय एक व्यक्ति ने दूसरे समुदाय के सात लोगों को करीब 4नाली और 15 मुठ्ठी जमीन बेची थी. लेकिन वर्ष 2005 में मस्जिद की जमीन का दाखिला खारिज कर दिया गया, जिससे स्थिति और जटिल हो गई. सितंबर माह में इस मस्जिद को लेकर दोबारा विवाद शुरू हो गया, जब संगठन ने इसे अवैध बताते हुए जिला प्रशासन से सूचना अधिकार के तहत जानकारी मांगी. आरटीआई के जरिए मिली जानकारी को आधार बनाकर संगठन ने इसे अवैध करार दिया, जबकि जिला प्रशासन ने सूचना को अधूरी मानते हुए स्थिति स्पष्ट करने का वादा किया. निजी जमीन पर बनी है मस्जिद इस बीच दूसरे समुदाय ने भी मस्जिद से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज जिला प्रशासन को सौंपे, जिससे कुछ समय के लिए विवाद शांत हो गया. अक्तूबर माह में जनाक्रोश रैली का आयोजन होते ही विवाद फिर से बढ़ गया. इसके चलते प्रशासन को 21 अक्तूबर को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्पष्ट करना पड़ा कि मस्जिद सरकारी भूमि पर नहीं बल्कि निजी जमीन पर स्थित है.प्रशासन के प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, यह उत्तर प्रदेश सरकार के मुस्लिम वक्फ विभाग के गजट में भी दर्ज है. इसके बावजूद विरोध कर रहे संगठन ने इसे मानने से इंकार कर दिया है. वर्तमान में यहां स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, हालांकि प्रशासन और पुलिस मामले को शांतिपूर्वक हल करने की कोशिश जुटा हुआ है.

### रेलवे बोर्ड चेयरमैन ने लिया महाकुंभ की तैयारियों का जायजा, अधिकारियों के साथ की बैठक

संगम नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ को लेकर रेलवे भी तैयारियों में जुटा हुआ है. तैयारियों का जायजा लेने और मातहत अफसरो को जरूरी दिशा निर्देश देने के लिए रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने शनिवार को प्रयागराज का दौरा किया. उन्होंने प्रयागराज शहर के नौ रेलवे स्टेशनों पर महाकुंभ के मद्देनजर कराए जा रहे कामों का निरीक्षण किया. इस मौके पर उन्होंने महाकुंभ में ट्रेनों से आने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षित सफर पर फोकस किया.

## आगरा पहुंचे पीठाधीश्वर परमहंस आचार्य, ताजमहल को बताया शिव का प्राचीन मंदिर

अयोध्या के छावनी पीठाधीश्वर परमहंस महाराज शनिवार) को आगरा में ताज. महल भ्रमण पर पहुंचे. इससे पहले भी परमहंस महाराज ताजमहल भ्रमण के लिए आगरा आए थे, पर ताजमहल का भ्रमण नहीं कर पाए.पिछली बार परमहंस महाराज को धर्मदंड के साथ ताजमहल में प्रवेश नहीं दिया गया था और उन्हें रोक दिया गया था, जिसके बाद काफी विवाद हुआ था. कल फिर ताजमहल भ्रमण के लिए परमहंस महाराज ता. जनगरी पहुंचे. ताजमहल की शिल्पग्राम पार्किंग में पहुंचते ही परमहंस महाराज ने ताजमहल को श्तेजोमहालयश कहकर पुकारा.डायना बेंच पर बैठ खिंचाई फोटा. `परमहंस महाराज ने दावा किया कि ष्यह भगवान शिव का प्राचीन मंदिर है और आज हम तेजोमहालय के दर्शन करने आए हैं.पिछली बार परमहंस महाराज को ताजमहल के गेट पर ही रोक दिया गया था और उन्हें एंट्री नहीं मिली था. इस मामले ने खूब सुर्खियां बटोरी थी. हालांकि कल पीठाधीश्वर परमहंस महाराज आगरा पहुंचे और ताजमहल का भ्रमण भी किया. ताजमहल की सबसे प्रसिद्ध डायना बेंच पर बैठकर फोटो भी खिंचवाई. इसके बाद ताजमहल के मुख्य स्मारक का दीदार किया. इस दौरान पीठाधीश्वर परमहंस महाराजकाफी खुश और उत्साहित नजर आ रहे थे. इस मौके पर परमहंस महाराज ने कहा, ष्तेजोमहालय के दर्शन कर अच्छा लग रहा है, आज ईश्वरीय अनुभव हुआ है. तेजोमहालय के दर्शन कर अच्छा लग रहा है.ष उन्होंने दावा किया कि ष्यह प्राचीन शिव मंदिर है और इसका नाम तेजोमहालय है.पूर्व में आक्रमणकारियों ने हमारे इतिहास के साथ छेड़छाड़ की थी. ताजमहल को लेकर किया ये दावा ताज. महल भ्रमण के दौरान परमहंस महाराज गुनगुनाते हुए नजर आए.

ताजमहल के दीदार के बाद पीठाधीश्वर परमहंस महाराज ने कहा,यह ताजमहल नहीं बल्कि तेजोमहालय है और भगवान शिव का प्राचीन मंदिर है. आज हम भग. वान शिव के मंदिर तेजोमहालय के दर्शनकरने आए हैं परमहंस महाराज ने कहा,पूर्व में जब हम आए थे तो हमें रोक दिया गया था, हमारे धर्मदंड को अंदर जाने से मना कर दिया गया था. उन्होंने आगे कहा, इस घटना के बाद एएसआई के चीफ ने हमसे माफी मांगी और ताजमहल आने का न्योता भी दिया. जिसके बाआज हम तेजोमहालय के दर्शन करने के लिए आए हैं और आज ईश्वरी अनुभव हुआ है.



परमहंस महाराज ने कहा, अब देश संवैधानिक रूप से हिंदू राष्ट्र बनेगा, पहले अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि को कुछ लोग बाबरी मस्जिद कहते थे बाद में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि यह श्रीराम जन्मभूमि है और यहां मंदिर बनेगा. उन्होंने आगे कहा, श्रीराम जन्मभूमि की तरह ही आज लोग इसे ताजमहल कह रहे हैं पर इसका नाम तेजोमहालय है.

# दिल्ली पुलिस का बड़ा खुलासा, पालिका बाजार से 2 चाइनीज मोबाइल जैमर बरामद, सुरक्षा के लिए खतरा कैसे

## दिवाली से पहले दिल्ली के पालिका केंद्र से 2 चाइनीज मोबाइल जैमर बरामद होने की घटना

दिवाली से कुछ दिन पहले यानी रविवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस थाना पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है. सुरक्षा एहतियात के तहत थाना पुलिस ने चर्चित सुरक्षा के नजरिए से अहम पा. लिका बाजार से 2 चाइनीज मोबाइल जैमर बरामद किए हैं. दिल्ली पुलिस चाइनीज मोबाइल जैमर बरामद होने की घटना को सुरक्षा के लिहाज से अहम मानकर चल रही है. दिल्ली पुलिस के मुताबिक इस जैमर की क्षमता 50 मीटर है. दुकानदार के पास से नहीं मिले दस्. तावेज दिल्ली पुलिस की जांच पड़ताल के दौरान दुकानदार रवि माथुर के पास से पुलिस को कोई दस्तावेज नहीं मिले हैं. दरअसल, इसे बेचने के लिए कैबि. बनेट सचिवालय ने गाइडलाइंस बनाई हुई है. कोई इंडिविजुअल शख्स इसे नहीं



बेच सकता है. दिल्ली पुलिस ने पालिका बाजार से चाइनीज मोबाइल जैमर बरामद होने की घटना की जानकारी टेलीकम्युनिकेशन विभाग को दी है. अब दिल्ली के बाकी बाजारों में भी इस पर नजर रखने को कहा गया है. बता दें कि हाल ही में रोहिणी में बम ब्लास्ट भी हुआ था.दिल्ली पुलिस के अनुसार इस तरह के जैमर का इस्तेमाल कर कोई भी व्यक्ति चिन्हित एरिया में मोबाइल व फोन नेटवर्क को ठप कर सकता है. ऐसे हुआ खुलासाइस घटना के बाद से दिल्ली पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर है. दिल्ली पुलिस का कहना है कि दिवाली और छठ महापर्व को देखते हुए

राष्ट्रीय राजधानी के बाजारों और दुकानों में वेरिफिकेशन ड्राइव चलाया जा रहा है. इस वेरिफिकेशन के दौरान ये मोबाइल जैमर बरामद हुए है. दिल्ली में वेरिफिकेशन ड्राइव के दौरान स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है. दिल्ली पुलिस का कहना है कि इस मामले की जांच अभी जारी है. पुलिस इस मामले में नियमानुसार कार्यवाही करेगी.

## प्लास्टिक के पाइपों में अचानक उठने लगी आग की लपटें, लोगों में हड़कंप मचाय दमकल की टीम ने पाया काबू



एचडीसीपीआरएम कम्पनी द्वारा कस्बे में पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा। नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत रास्तों में पानी सप्लाई के लिए जल निगम द्वारा पाइप लाइन डाली जा रही है। प्लास्टिक पाइप को डासना स्टैंड एनएच नौ स्थित देव हाइट्स सोसाइटी के गेट के पास रखा गया था।डासना वेव सिटी क्षेत्रांतर्गत एनएच नौ डासना स्टैंड के समीप देव हाइट्स के गेट पर रखे प्लास्टिक के पाइपों में रविवार सुबह अचानक जबरदस्त आग लग गई,आग का विकराल रूप देख लोग इकट्ठा हो गये। जल निगम का ठेकेदार मौके पर पहुंचे और पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आधा घंटे में आग पर काबू पाया। जल निगम के अधीशासी अभियन्ता को आग लगने की सूचना नहीं।एचडीसीपीआरएम कम्पनी द्वारा कस्बे में पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा। नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत रास्तों में पानी सप्लाई के लिए जल निगम द्वारा पाइप लाइन डाली जा रही है। प्लास्टिक पाइप को डासना स्टैंड एनएच नौ स्थित देव हाइट्स सोसाइटी के गेट के पास रखा गया था। पाइप के बंडल लगभग तीन माह से रखे हुए थे।

जल निगम के ठेकेदार अंशुल कुमार ने बताया कि वह भी देव हाइट्स में ही रह रहे हैं। रविवार सुबह सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें पाइपों में आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे अंशुल कुमार ने बताया कि आग का विकराल रूप देखकर उन्होंने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। पाइपों में आग लगने से आसमान में जबरदस्त धुएं का गुबार हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ठेकेदार अंशुल कुमार ने बताया कि यह पाइप पिछले तीन माह से यहां रखा हुआ था। डासना नगर पंचायत में जल निगम द्वारा पीने के पानी के लिये कस्बे में पाइप लाइन बिछाई जा रही है। उन्होंने बताया कि लगभग 16–17 लाख रुपए की कीमत का प्लास्टिक पाइप आग लगने से नष्ट हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है जांच पड़ताल की जा रही है। जल निगम के अधिशासी अभियन्ता संजय कुमार ने बताया कि जल निगम ने एचडीसीपीआरएम कम्पनी को नगर पंचायत क्षेत्र में पानी की पाईप लाईन बिछाने का कार्य दे रखा है। पा. इपों में आग लगने की सूचना उन्हें नहीं है।

## ठेली हटाने के विवाद में भिडे दो पक्ष, पार्षद सहित 30 पर मुकदमा

साहिबाबाद। हिंडन पुल अर्थला पर ठेली हटाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। पुलिस ने मामले में स्थानीय पार्षद सहित 30 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है।हिंडन पुल चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक सचिन कुमार ने साहिबाबाद थाने में दी तहरीर में बताया कि वह उपनिरीक्षक अनिल कुमार के साथ शुक्रवार को क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। रात साढ़े नौ बजे अर्थला पुल पर पहुंचे तो देखा कि वहां पर काफी लोगों की भीड़ एकत्रित थी। उन्होंने देखा कि अर्थला निवासी शाहिद आलम, शाहजहां, नसीम, अरशद, आमिर, भोंदू उर्फ इसरार, इकबाल, इस्लामुद्दीन, अफजाल और पार्षद मनोज पाल, रमेश चौधरी, प्रवेश पाल, दीपक पाल और 20 अज्ञात लोग एक दूसरे के साथ गाली गलौज और मारपीट कर रहे थे।उन्हें समाझाने



का प्रयास किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की है। एसीपी रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि झगड़ा कोई बड़ा रूप ना ले ले इसके लिए शनिवार को इलाके में पुलिस बल को तैनात किया गया। पुलिस और खुफिया विभाग स्थिति पर नजर बनाए है। एसीपी ने बताया कि मामला शांत है। अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## वर–वधु पक्ष में हुआ विवाद, बिन दुल्हन के लौटी बरात

गंजडुंडवारा। गांव में शुक्रवार को फिरा. जाबाद से बरात आई थी। निकाह से पूर्व जब दूल्हा पक्ष ने दुल्हन के लिए जेवरात नहीं भेजे तो दोनों पक्षों में विवाद खड़ा हो गया। इसके बाद दुल्हन ने निकाह से इन्कार से कर दिया। दोनों पक्षों में कोतवाली में समझौता हो गया और बरात को बिना दुल्हन के ही वापस लौटना पड़ा।गांव धवा की युवती से फिरोजाबाद के मोहल्ला जाटवपुरा निवासी शाहिद का निकाह तय हुआ था। शुक्रवार को शाहिद अपनी बरात लेकर गांव धवा आ गया। यहां कन्या पक्ष ने बरात की खातिरदारी की।

निकाह से पूर्व दूल्हा पक्ष ने कन्या के लिए जोड़ा भेजा। कन्या पक्ष का आरोप है कि निकाह के जोड़े के साथ जेवरात नहीं थे।

इसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने पर गांव में हंगामा होने लगा। जब मामला बढ़ा तो युवती ने शादी से इन्कार कर दिया। इसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे।

यहां दोनों पक्षों में पुलिस के समक्ष आपसी समझौता हो गया। इसके बाद दूल्हा बिना दुल्हन लिए ही बरात के साथ वापस लौट गया। कन्या पक्ष ने बताया कि शुक्रवार की शाम उसकी पुत्री की बरात आई थी। इसमें जेवरात को लेकर विवाद हो गया। इस पर दुल्हन ने शादी करने से मना कर दिया। क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## 500 की आबादी वाले इस गांव में 100 से ज्यादा लोग बीमार, एटा सीएमओ जांच के लिए पहुंचे

एटा के विकास खण्ड अलीगंज के रामपुर देहात के नगला गड़रियान में बुखार से कोहराम मचा हुआ है। 500 की आबादी वाले इस गांव में 100 से ज्यादा लोग बुखार की चपेट में हैं। घर–घर चारपाईं बिछीं हुई हैं। गांव के बच्चे बुखार के चलते स्कूल नहीं पहुंच पा रहे है। अमर उजाला में खबर प्रकाशित होने के बाद रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में पहुंची।

## नर्सिंग की छात्रा ने युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, प्रेम जाल में फंसाकर की हैवानियत

दनकौर क्षेत्र में स्थित एक विश्वविद्यालय में पढ़ रही नर्सिंग की छात्रा ने एक युवक पर करीब 6 माह से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने शनिवार को आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है।दनकौर क्षेत्र में स्थित एक विश्वविद्यालय में पढ़ रही नर्सिंग की छात्रा ने एक युवक पर करीब 6 माह से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने शनिवार को आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। पीड़िता मूलरूप से सुल्तानपुर जिले की निवासी है। छात्रा ने शिकायत में कहा है कि वह पढ़ाई के साथ–साथ निजी अस्पताल में प्रेक्टिस भी करती है। अस्पताल में ही एक युवक उसके साथ काम करता है। अस्पताल में युवक ने उससे बातचीत शुरू की।इस दौरान उसने पीड़िता के साथ अश्लील हरकत करनी शुरू कर दी जिससे उसे नौकरी भी छोड़नी पड़ी थी। उसी दौरान युवक ने भी अस्पताल में काम करना बंद कर दिया। बाद में उसे प्रेम जाल में फंसा कर पिछले 6 माह से डरा धमकाकर दुष्कर्म करता आ रहा है पुलिस व परि. जनों को बताने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी थी। किसी तरह पीड़िता ने अपने साथ पढ़ने वाले अन्य छात्रों को आपबीती बताई, जिसके बाद आरोपी युवक के खिलाफ शिकायत करने कोतवाली पहुंची है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि पीड़िता की शिकायत लेकर मामले की जांच की जा रही है।

## दुल्हन की जिद ने उड़ाए बरातियों के होश.दावत के बाद दूल्हा पक्ष ने की ऐसी हरकत, टूट गई शादी



एटा के थाना गंजडुंडवारा क्षेत्र में दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। वो इसलिए भड़क गई क्योंकि शादी के जोड़े के साथ जेवरात नहीं आए थे। दोनों पक्षों में पंचायत हुई, लेकिन बात नहीं बन सकी। बरात बिना दुल्हन के ही वापस लौट गई। एटा के गंजडुंडवारा के एक गांव में शुक्रवार को फिरोजाबाद से बरात आई थी। निकाह से पूर्व जब दूल्हा पक्ष ने दुल्हन के लिए जेवरात नहीं भेजे तो दोनों पक्षों में विवाद खड़ा हो गया। इसके बाद दुल्हन ने निकाह से इन्कार से कर दिया। दोनों पक्षों में कोतवाली में समझौता हो गया और बरात को बिना दुल्हन के ही वापस लौटना पड़ा।

## पुराने कपड़े, जूते और खिलौनों फेंके नहीं. आगरा नगर निगम को दें कबाड़, बदले में मिलेगा सजावट का सामान

आगरा घर पर रखे कपड़े, जूते, खिलौने, किताबों आदि के कबाड़ नगर निगम को दीजिए और बदले में दिवाली की सजावट के लिए डेकोरेटेड दीपक, ऑर्गेनिक धूपबत्ती, कपड़े के बैग आदि लीजिए। सोमवार से नगर निगम का एक्सचेंज प्रोग्राम स्वच्छ दिवाली, सुंदर दिवाली शुरू हो रहा है, जिसमें ट्रिपल आर ऑन व्हील वाहन में इस वस्तुओं को देकर सजावटी सामान लिया जा सकता है।नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने बताया कि स्वच्छ दिवाली, सुंदर दिवाली अभियान के तहत नगर निगम कबाड़ हो चुकी चीजों को लेगा। अगर यह ठीक होंगी तो उसे रिसाइकिल के लिए भेजा जाएगा। पुराने कपड़े, अखबार, प्लास्टिक सामग्री, टूटे–फूटे फर्नीचर, ई–कचरा और ऐसी ही अन्य चीजों को अलग–अलग करके अपने केंद्रों पर रखने का फैसला किया है। ये केंद्र प्रत्येक जोन में होंगे। जो सामान दोबारा उपयोग नहीं हो सकेगा, उसे कुबेरपुर स्थित लैंडफिल साइट भेज दिया जाएगा। इसके लिए रिसाइकिल करने वालों से करार किया जा रहा है।20 महिलाएं कर रहीं हैं काम

नगर निगम ने आरआरआर सेंटर पर स्वयं सहायता समूह की 20 महिलाओं को सजावटी सामान बनाने के काम में लगाया है। केंद्र की संचालिका रेखा गुप्ता ने बताया कि पुराने कपड़ों से बैग, मंदिरों के फूलों से धूपबत्ती, पुराने दीपकों को रंग–बिरंगा कर आकर्षक बनाया जा रहा है। कई महिलाएं प्लास्टिक से शुभ लाभ, शुभ दिवाली और तोरण आदि बना रही हैं।

## नोएडा में सड़कों पर आवारा पशुओं का आतंक, सेक्टर 27 में राहगीरों की सुरक्षा पर खतरा

नोएडा के सेक्टर 27 के बीच चौराहे पर आवारा पशुओं के झुंडों का सड़क पर घूमना अब आम बात हो गई है। इस वजह से वाहनों के चालकों और राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कई बार अचानक सामने आ जाने वाले इन पशुओं की वजह से दुर्घटनाएं भी हो रही हैं, जिससे लोगों की जान को खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन को जल्द से जल्द इस पर ठोस



कदम उठाने की जरूरत है। अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# खैर में आज तक नहीं दौड़ी सपा की साइकिल, 22 साल से बसपा को वापसी का इंतजार

पहली बार खैर में हो रहे उपचुनाव में सपा फिर से ताकत झोंक रही है। 31 साल से पार्टी को यहां जीत की दरकार है। बसपा 22 साल से यहां जीत का इंतजार कर रही हैखैर विधानसभा क्षेत्र में कभी समाजवादी पार्टी अपना खाता नहीं खोल सकी है। इस विधानसभा क्षेत्र से पार्टी ने प्रत्याशी तो हर विधानसभा चुनाव में उतारे, लेकिन श्साइकिलश से कोई विधानसभा तक नहीं पहुंच सका। पहली बार यहां हो रहे उपचुनाव में सपा फिर से ताकत झोंक रही है। 31 साल से पार्टी को यहां जीत की दरकार है।यही हालात बहुजन समाज पार्टी के भी हैं। बसपा 22 साल से यहां जीत का इंतजार कर रही है। बसपा ने एक बार वर्ष 2002 में यह सीट जीती थी, उस वक्त बसपा प्रत्याशी प्रमोद गौड़ ने जीत दर्ज की थी। हर चुनाव में पार्टी ने जीत का दावा किया, लेकिन नाकामी ही मिली। गौर हो कि इसी विधानसभा क्षेत्र से चुनकर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की बेटी ज्ञानवती विधानसभा जा चुकी हैं। वह भाजपा से चुनाव लड़ी




थीं।खैर विधानसभा उप चुनाव में पार्टी मजूबती से चुनाव लड़ रही है। उसे कांग्रेस का भी साथ मिल रहा है।
–लक्ष्मी धनगर, जिलाध्यक्ष, सपावर्ष 2022 में हुए खैर विधानसभा चुनाव में पार्टी दूसरे स्थान पर थी। इस बार पार्टी की जीत निश्चित है।–मोरध्वज कुशवाहा, जिलाध्यक्ष, बसपापहले संयुक्त, फिर टप्पल और अब खैर विधानसभा क्षेत्र
–1952 में टप्पल, खैर, चंडौस, जवां संयुक्त विधानसभा क्षेत्र
–1957 में टप्पल क्षेत्र बना
–1967 में खैर विधानसभा क्षेत्र बनाये रहे विधायक1952 कांग्रेस से मोहनलाल गौतम1957 कांग्रेस से चौ. देवदत्त सिंह
1962 निर्दलीय चौ. महेंद्र सिंह
1967 कांग्रेस से चौ. प्यारेलाल
1969 भारतीय क्रांति दल से चौ. महेंद्र सिंह1974 कांग्रेस से चौ. प्यारेलाल
1977 जेएनपी से चौ. प्यारेलाल
1980 कांग्रेस से चौ. शिवराज सिंह
1985 लोकदल से चौ. जगवीर सिंह
1989 जनता दल से चौ. जगवीर सिंह
1991 भाजपा से चौ. महेंद्र सिंह
1993 जनता दल से चौ. जगवीर सिंह
1996 भाजपा से ज्ञानवती सिंह
2002 बसपा से प्रमोद गौड़
2007 रालोद से चौ. सत्यपाल सिंह
2012 रालोद से भगवती प्रसाद सूर्यवंशी
2022 भाजपा से अनूप प्रधान

## खैर उपचुनाव निर्वाचन कार्य की समाप्ति तक धनीपुर मंडी . अधिग्रहीत, व्यवस्था करने के हुए निर्देश

खैर उपचुनाव के लिए मंडी स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयानुसार पूर्ण कराने के लिए डीएम ने मंडी के संपूर्ण स्थल व परिसर को तत्काल प्रभाव से निर्वाचन कार्य की समाप्ति तक के लिए अधिग्रहीत कर लिया है।खैर विधानसभा उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी, वापसी, मतगणना का कार्य कृषि उत्पादन मंडी समिति धनीपुर में संपादित होगा। खैर उपचुनाव के लिए मंडी स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयानुसार पूर्ण कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी. ने मंडी के संपूर्ण स्थल व परिसर को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत तत्काल प्रभाव से निर्वाचन कार्य की समाप्ति तक के लिए
अधिग्रहीत कर लिया है। डीएम ने मंडी




के सचिव को निर्देशित किया है कि वह निर्वाचन संबंधी कार्य स्थल पर विद्युत, पानी समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था तत्काल कराना सुनिश्चित करें। विधानसभा का नाम, पुरुष, महिला, थर्ड जेंडर, योग
71, खैर, 215074, 187664, 22, 402760

## कूड़े के ढेर में मिले तिरंगे झंडे, भाजपाइयों ने किया हंगामा, मुकदमा दर्ज

बनियापाड़ा से हाथी पुल होकर जाने वाले रास्ते से भाजपा नेता अतुल रा. जाजी आदि राहगीर निकल रहे थे, तभी उनकी नजर हाथी पुल के पास कूड़े के ढेर में पड़े तिरंगे झंडों पर पड़ी। इनमें बड़े व छोटे साइज के अलग–अलग झंडे थे।अलीगढ़ में थाना देहलीगेट के हाथी पुल इलाके में 26 अक्तूबर सुबह उस समय हंगामा हो गया, जब लोगों ने कूड़े के ढेर में तिरंगे झंडे पड़े देखे। इसकी जानकारी पर तमाम भाजपाई पहुंच गए। उन्होंने प्रकरण में कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा कर दिया। सूचना पर पुलिस भी आ गई, बाद में तिरंगे जब्त कर लिए गए। मामले में भाजपा मंडल अध्यक्ष की ओर से थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। सुबह करीब साढ़े दस बजे बनियापाड़ा से हाथी पुल होकर जाने वाले रास्ते से भाजपा नेता अतुल राजाजी आदि राहगीर निकल रहे थे, तभी उनकी नजर हाथी पुल के पास कूड़े के ढेर में पड़े तिरंगे झंडों पर पड़ी।



इनमें बड़े व छोटे साइज के अलग–अलग झंडे थे। यह देख वहां भीड़ जमा होने लगी। कुछ ही देर में भा. जपा महावीरगंज मंडल अध्यक्ष गौरी आर्या, कृष्णा गुप्ता आदि तमाम भाजपाई पहुंच गए। उन्होंने कूड़े में तिरंगे डालने का विरोध दर्ज कराते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना पर इलाका पुलिस भी पहुंच गई और लोगों को समझाकर शांत किया। इस दौरान भा. जपाइयों के स्तर से मांग की गई कि यह झंडे यहां किसी न किसी ने सफाई के बाद फेंके हैं।
इसलिए जरूरी है कि सीसीटीवी से यह जांच की जाए कि आखिर किसने और कहां से यहां लाकर झंडों को फेंका है ? भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरी आर्या की ओर से तहरीर दी गई। पुलिस ने यहां मिले तिरंगे झंडों को जब्त कर लिया। सीओ प्रथम अभय पांडेय ने बताया कि कूड़े के ढेर से भगवा व तिरंगे जैसे कुछ पटके मिले हैं, जिसकी जांच कराई जा रही है। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## पीएम सूर्य घर हेतु जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन



अलीगढ़ केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन अलीगढ़ के शिवाजीपुरम पार्क में सूर्यघर योजना हेतु रजिस्टर्ड वेंडर ग्रीनएज इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डॉ मानवेंद्र प्रताप सिंह, सदस्य विधान परिषद ने सूर्यघर योजना के विषय में विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार पेरिस समझौते के अंतर्गत कार्बन फुटप्रिंट को कम करने हेतु की गई अपनी प्रतिबद्धता को दो. हराते हुए देश भर में नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। आज भारत दुनिया के उन पांच देशों में शामिल है जिसने सौर ऊर्जा के माध्यम से बड़ी प्रगति की है। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी देश की प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भरता को कम करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। देश के लोगों को भी प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्यघर का लाभ लेते हुए अपने घरों पर सौर ऊर्जा उत्पादन करना चाहिए। आज सरकार इस हेतु सब्सिडी भी प्रदान कर रही है। यूपी नोएडा के परियोजना अधिकारी अरुण कुमार शर्मा ने कार्यक्रम के विषय में विस्तृत रूप से लोगों को बताया। उन्होंने कहा की इस योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश में 25 लाख एवं अलीगढ़ जनपद में 75000 लोगों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है। सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों को सब्सिडी का लाभ दे रही है। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है और अलीगढ़ में रजिस्टर्ड वेंडर ग्रीनएज इस सरकारी योजना का लाभ लोगों को दिलाने में पूरा सहयोग कर रही है । उन्होंने उपस्थित जन समूह को अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण के लिए जागरूक किया एवं योजना की बा. रीकियों को बताया । ग्रीनएज इंफ्राटेक के निदेशक ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि हमारी कंपनी प्राकृतिक ऊर्जा स्रोतों को बचाने के लिए कटिबद्ध है एवं पूर्व में भी वर्षा जल संचयन जैसे सामाजिक सरोक. ारों पर कार्य करती रही है।
इसी क्रम में हम लोग पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से लोगों को प्रकृति एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए सौर ऊर्जा अपनाने हेतु जागरुक कर रहे हैं । विपुल भारद्वाज ने बताया कि सरकार सस्ती दरों पर बैंक ऋण की उपलब्धता करा इस योजना को एक करोड़ लोगों तक पहुँचाने हेतु प्रतिबद्ध है, ताकि लोग आसानी से अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगवा सके। रवि राठी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम से पूर्व शिवाजीपुरम कल्याण समिति के तत्वाधान में ध्वजारोहण उपरांत राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का भी आयोजन किया गया।
कार्यक्रम को सफल बनाने में निदेशक विपुल भारद्वाज, पार्षद पति महेश चंद्र वार्ष्णेय, अगम अग्रवाल, नीरज गुप्ता, गगन जादौन,
राजकुमार शर्मा, नरेश राघव, शिखर त्रिपाठी, मनोज राघव, उमेश वार्ष्णेय, योगेश शर्मा, करुण प्रकाश शर्मा, सत्यकांत भारद्वाज, आलोक वात्सल्य, अंकुर गुप्ता, ए के गुप्ता, बैनीराम बघेल, अखिलेश तिवारी, विक्रम पुंढीर, विकास यादव, मनीष भारद्वाज, अजय शुक्ला, डॉक्टर गोविंद मिश्रा, तपन वार्ष्णेय, पवन चौहान, अशोक त्रिपाठी, गोपाल वार्ष्णेय, अतुल अग्रवाल, राजू पंडित, धर्मेंद्र कुमार आदि का योगदान रहा।

## लॉर्ड बुद्धा एजुकेशनल सोसाइटी की एक समीक्षा बैठक

अलीगढ़ लॉर्ड बुद्धा एजुकेशनल सोसा. इटी की एक समीक्षा बैठक कुलदीप बिहार राष्ट्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह के आवास पर हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश मौर्य ने की तथा संच. ालन प्रदेश महासचिव एडवोकेट डीके गौतम ने किया ।मुख्य अतिथि पूरन सिंह ने बताया लॉर्ड बुद्धा एजुकेशन सोसाइटी बहुत जल्द ही माता सावित्रीबाई फुले स्टडी सेंटर खोलने जा रहा है ,जिसमें गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी कराई जाएगी। जिला अध्यक्ष रंजीत बौद्ध ने एलबीईएस जिला कमेटी के कार्यों एवं योजना के बारे में बताया। जिला अध्यक्ष महिला विंग ममता गौतम ने बताया कि कैसे हमारी महिला पदाधिकारी समाज में जाकर समाज सेवा कर रही हैं । मंडल प्रभारी डी एल गौतम ने सभी पदाधिकारीयों से स्टडी सेंटर को खोलने के लिए तन, मन ,धन से सहयोग करने की अपील की। जिसमें मुख्य रूप से निम्न पदाधिकारी उपस्थित रहे बृजेश कुमार, बीपी गौतम ,हरनाम सिंह ,डूंगर सिंह ,संतोष कुमार, विमलेश गौतम ,केके गौतम , सरलाकांत ,विशाखा गौतमी, कांति देवी ,विपिन गौतम, ललित कांत, मुकेश चंद्र, स्वयंप्रभा ,संगीता सिंह ,ज्योति, अनिता गौतम ,काजल ,राधा आदि कई पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## अलीगढ़ के तालिब नगर में घर से अंदर फटा गैस सिलिंडर, . राहत व बचाव कार्य जारी

अलीगढ़ के जवां थाना क्षेत्र के गांव तालिब नगर में एक घर के अंदर गैस का सिलिंडर अचानक फट गया। सिलिंडर के फटने से भीषण आग लग गई। घटना से आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग बुझाने और आग से राख हुए सामान को बाहर निकालने का काम जारी है। घटना में हुए नुकसान का पूरा आंकलन किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा राहत एवं बचाव कार्य जारी है। बताया जा रहा है कि सिलिंडर फटने से घर की छत उड़ गई।

### इस वर्ष अयोध्या जी में भव्य राम मंदिर बनने के कारण इस बार की दीपावली हमारे लिए खास

इस वर्ष अयोध्याजी में हमारे प्रभु श्री रामजी का भव्य मंदिर बन चुका है । 500 वर्ष के इंतजार के बाद हम सभी सनातनियों को इस वर्ष वास्तविक दीपावली मनाने का मौका मिला है । हम सभी इस वर्ष दीपावली का महापर्व और अधिक जोश के साथ बहुत हीउल्लासमय वातावरण में मनाएंगे । हमारे शास्त्रों में भारतीय संस्कृति के अनुसार विभिन्न प्रकार के पर्व मनाने की परंपरा रही है । संस्कार भारती जिला अलीगढ़ के जिलाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार भगवान श्री राम 14 वर्ष वनवास के बाद रावण पर जीत प्राप्त कर दीपावली के दिन ही अयोध्या आए थे और उस दिन सभी अयोध्या वासियों ने दीपावली मनाई थी ठीक उसी प्रकार से 500 वर्ष बाद हमारे प्रभु श्री राम अयोध्या जी के भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं जो सम्पूर्ण भारतवर्ष के सनातनियों के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है । इसीलिए इस वर्ष की दीपावली हमारे लिए बहुत ही खास है । हम सभी सनातनी दीपावली पर प्रातः श्री राम जी के साथ हनुमान जी का पूजन करते हैं इस वर्ष दीपावली पूजन से पूर्व सत्य सनातन की प्रतीक भगवा पताका प्रत्येक हिन्दू के घर पर लहराए यह निवेदन आप सभी अपने हिंदू भाइयों से करें । साथ ही भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने कहा कि दीपावली के दिन प्रत्येक घर घर रंगोली का आयोजन भी रहेगा । सभी हिन्दू अपने घरों में भगवा रंग की हनुमान जी या श्री राम जी की भगवा पताका फहराएंगे ।दिखा दो दुनिया को कि इस वर्ष की दीपावली अनोखी होगी आखिर हमारे प्रभु श्री राम जी का भव्य मंदिर में विराजमान जो हुए हैं ।

## खैर उपचुनाव नवंबर के पहले हफ्ते में आएंगे सीएम योगी , अखिलेश, जयंत और आकाश, बनाएंगे माहौल

अलीगढ़ में खैर विधानसभा उपचुनाव के रण में भाजपा, सपा और बसपा के प्रत्याशी आमने–सामने आ चुके हैं। अब नवंबर के पहले हफ्ते में सियासी सू. रमाओं का मैदान सज जाएगा। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी और बसपा के कोआर्डिनेटर आक. ाश आनंद सहित दिग्गज नेताओं के आने के संकेत मिल चुके हैं।भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र दिलेर के समर्थन में दिग्गज ने. ताओं की जनसभा होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह लाला ने बताया कि नवंबर के पहले हफ्ते में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी खैर विधानसभा क्षेत्र में आएंगे। इनके अलावा प्रदेश और केंद्रीय मंत्रियों की जनसभा होगी। बसपा के अलीगढ़ मंडल के प्रभारी रतनदीप सिंह ने बताया कि बसपा प्रत्याशी डॉ. पहल सिंह के समर्थन में पार्टी के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद, प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल जनसभा करेंगे। वह दिवाली के बाद आएंगे। सपा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर ने बताया कि पार्टी ने खैर विधानसभा उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों के नाम तय कर दिए हैं, जो सपा प्रत्याशी चारू कैन के समर्थन में जनसभा करेंगे। इनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खान, सांसद डिंपल यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, रामजीलाल सुमन, सांसद और विधायक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन नेताओं का शेड्यूल आना बाकी है।पुलिस फोर्स ने किया फ्लैग मार्च खैर विधानसभा में उपचुनाव को लेकर पुलिस–प्रशास. निक तैयारियां तेज हो गई हैं। 26 अक्तूबर को जनपदीय पुलिस ने केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल व पीएसी के साथ फ्लैग मार्च किया। थाना चंडौस में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में कस्बा चंडौस, थाना प्रभारी लोधा द्वारा ग्राम भनौली, इस्माइलपुर, नीमखेड़ा, थाना प्रभारी पिसावा द्वारा पिसावा क्षेत्र में व थाना प्रभारी टप्पल द्वारा कस्बा टप्पल, जट्टारी में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान आम लोगों में सुरक्षा की भावना जागृत करने के साथ ही नागरिकों से अपील की गयी कि निर्भीक व निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।



# धनतेरस पर जरूर खरीदें 10 रूपये की ये चीज, चमक जाएगा भाग्य

धनतेरस के दिन से ही पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत हो जाती है. इस दिन लोग जमकर शॉपिंग करते हैं. लेकिन धनतेरस के दिन आप सिर्फ 10 रुपये चीज खरीदकर भी अपनी किस्मत चमका सकते हैं.धनतेरस दिवाली के दो दिन पहले होती है, जोकि इस साल 29 अक्टूबर 2024 को है. धनतेरस का दिन मां लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा के साथ ही खरीदारी के लिए भी जाना जाता है. इस दिन लोग जमकर खरीदारी करते हैं. क्योंकि ऐसी मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तु में कई गुणा वृद्धि होती है.खरीदारी के लिए धनतेरस के दिन को शुभ माना जाता है. इसलिए लोग इस दिन सोने–चांदी जैसे आभूषण से लेकर पीतल–तांबे के बर्तन, नया घर, वाहन, इलेक्ट्रिक के सामान आदि भी खरीदते हैं.लेकिन हर किसी की अपनी आर्थिक स्थिति होती है, जिसके अनुसार ही खरीदारी करनी चाहिए. आप धनतेरस पर मात्र 10 रुपये की चीज भी खरीदकर मां लक्ष्मी का आशीर्वाद पा सकते हैं, क्योंकि इस चीज को बहुत ही शुभ माना जाता है.धनतेरस के शुभ दिन पर साबुत धनिया जरूर खरीदें. आप 10 रुपये के धनिया का एक छोटा पैकेट खरीद कर इसे पूजाघर में रख सकते हैं. दिवाली के दिन मां लक्ष्मी के समक्ष धनिया रखकर पूजा करें और अगले दिन किसी गमले में डाल दें.मान्यता है कि साबुत धनिया से जब हरा–भरा पौधा निकलता है तो यह घर पर संपन्नता लाता है. इसे घर की आर्थिक स्थिति के लिए बहुत ही अच्छा माना जाता है और इससे अच्छे आय के संकेत मिलते हैं. लेकिन अगर पौधा बेजान या पतला सा हो तो इसे सामान्य धन या आय का




संकेत माना जाता है. वहीं अगर साबुत धनिया से पौधा न निकले या फिर बीमार सा पौधा निकले तो ऐसा माना जाता है कि, आपको आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है.

## तुला राशि के प्रेम संबंधों में आएगी मजबूती

तुला राशि चक्र की सातवीं राशि है और इसके स्वामी ग्रह शुक्र हैं. आइये जानते हैं तुला राशि वाले जातकों के लिए यह नया सप्ताह यानी 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2024 तक का समय कैसा रहेगा और आपको समस्याओं से बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए.तुला राशि के जातकों को इस सप्ताह काफी भागदौड़ भरा रहने वाला है. लेकिन सुखद पहलू यह रहने वाला है कि आपके द्वारा की जाने वाली इस भागदौड़ और परिश्रम का पूरा फल आपको प्राप्त होगा. सप्ताह की शुरुआत में ही आपको अपने करियर या कारोबार के सिलसिले में लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है. यात्रा सुखद एवं मनचाहा फल देने वाली साबित होगी.कार्यक्षेत्र में आपको सीनियर और जूनियर दोनों का विशेष सहयोग मिलेगा, जिसकी बदौलत आप अपने वि. रोधियों पर आसानी से काबू पा लेंगे. इस सप्ताह आपको कार्यक्षेत्र में विशेष पद या जिम्मेदारी मिल सकती है. कोर्ट–कचहरी से जुड़े मामले में आपको बड़ी राहत मिल सकती है. आपके विरोधी खुद आपसे समझौते की पहल कर सकते हैं. किसी वरिष्ठ या प्रभावी व्यक्ति की मदद से भूमि–भवन से जुड़े विवाद का हल निकल सकता है.सप्ताह के उत्तरार्ध में युवाओं का अधिकांश समय मौज–मस्ती करते हुए बीतेगा. इस दौरान अचानक से पिकनिक या पर्यटन का प्रोग्राम बन सकता है. प्रेम–प्रसंग के लिए यह सप्ताह शुभ साबित होगा. सिंगल लोगों की लाइफ में मनचाहे पार्टनर की इंट्री हो सकती है. वहीं पहले से चले आ रहे प्रेम संबंध मजबूत होंगे. आप अपने जीवनसाथी के प्रति बेहद ईमानदार रहेंगे और उसके साथ हंसी–खुशी समय व्यतीत करेंगे. तुला राशि के लिए उपाय शिव चालीसा का पाठ करें.

## दिवाली पर चमकेगा मिथुन वालों का भाग्य, इस वीक रोजी–रोजगार की परेशानी होगी दूर

मिथुन राशि चक्र की तीसरी राशि है और इसके स्वामी ग्रह बुध हैं. आइये जानते हैं मिथुन राशि वाले जातकों के लिए आने वाले सात दिन यानी 27 अक. टूबर से 2 नवंबर 2024 तक का समय कैसा रहेगा और आपको समस्याओं से बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए. मिथुन राशि के लिए यह सप्ताह शुभ फलदायक रहेगा. इस सप्ताह रोजी–रोजगार से जुड़ी दिक्कतें दूर होंगी. वहीं पहले से कार्यरत लोगों को कार्यक्षेत्र में कोई अहम जिम्मेदारी मिल सकती है. आर्थिक दृष्टि से यह सप्ताह आपके लिए फायदेमंद रहने वाला है. पूर्व में किसी योजना में किए गए निवेश का आपको इस सप्ताह बड़ा लाभ मिल सकता है. कारोबार को विस्तार देने की योजना फलीभूत होती नजर आएगी. बाजार में फंसा धन भी अप्रत्याशित रूप से निकल आएगा. यदि आप लंबे समय से भूमि–भवन के क्रय–विक्रय की योजना बना रहे थे तो आपको इस दिशा में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है.
कोर्ट–कचहरी से जुड़े मामले में निर्णय आपके पक्ष में आ सकता है. घर–परिवार में सुख–शांति कायम रहेगी.किसी भी कार्य को करते समय आपको स्वजनों का पूरा सहयोग और समर्थन मिलेगा. सप्ताह के उत्तरार्ध में करियर–कारोबार के सिल. सिले में लंबी या छोटी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है. यात्रा सुखद, लाभप्रद एवं नए संबंधों का विस्तार करने वाली रहेगी. प्रेम संबंध में प्रगाढ़ता आएगी. लव पार्टनर के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा. वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा.
मिथुन राशि के लिए उपायरू विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें.

## चांदी का छल्ला किस उंगली में करें धारण? प्रेमानंद महाराज से जानिए जवाब और फायदे

प्रेमानंद महाराज ने बताया कि चांदी का छल्ला पहनना बहुत ही शुभ माना गया है. इससे भगवान खुश होते हैं और सुख समृद्धि की कामना भी लोगों की पूर्ण हो जाती हैं. चांदी का छल्ला चंद्रमा का कारक है. इसे धारण करने से सूर्य और शनि की स्थिति मजबूत होती है. साथ ही इससे भाग्य भी मजबूत होता है. चांदी के छल्ले से राहु ग्रह दोष से मुक्ति मिलती है और मन शांत होता है. लेकिन, ये चांदी का छल्ला बिना जोड़ का होना चाहिए. और इसे अंगूठे में पहना जाता है. महिलाओं को इसे बाएं हाथ में और पुरुषों को दाएं हाथ में धारण करना चाहिए.सोशल मीडिया पर प्रेमानंद महाराज का सत्संग लगातार वायरल होता रहता है. देश के कोने–कोने से भक्त जाकर उनके दर्शन करते हैं और उनके द्वारा सत्संग में बताई गई बातों पर भी अमल करते हैं.प्रेमानंद महाराज जिन बातों को भक्तों से बताते हैं उन बा. तों पर भक्त खड़े उतरते हैं. यही वजह है कि हजारों की संख्या में प्रेमानंद महाराज के अनुयाई उनके दर्शन काइंतजार करते हैं.प्रेमानंद महाराज का एक वीडियो सत्संग के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में




प्रेमानंद महाराज से एक भक्त के द्वारा सवाल किया गया, सवाल में चांदी का छल्ला स्त्री और पुरुष को किस हाथ में पहनना चाहिए उसके बारे में प्रेमानंद महाराज ने बताया.प्रेमानंद महाराज ने बताया कि चांदी का छल्ला पहनना बहुत ही शुभ माना गया है. इससे भगवान खुश होते हैं और सुख समृद्धि की कामना भी लोगों की पूर्ण हो जाती हैं. वृंदावन के प्रख्यात संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन को लंबी–लंबी कतार लगती हैं. भक्तों को कई घंटे इनका इंतजार करना पड़ता है. प्रेमानंद महाराज की एक झलक पाने के लिए भक्त लालायित रहते हैं.

## इस दिवाली रूई की जगह जलाइए कलावे की बाती, मंगल दोष से मिलेगी मुक्ति, मां लक्ष्मी की भी रहेगी कृपा!

दिवाली दीयों का त्यौहार है, हर घर में और घरों के बाहर दिये जलाए जाते हैं, कोई भी पूजा बिना दीया लगाए पूरी नहीं होती है. भगवान के समक्ष घी या तेल का दीया जरूर लगाया जाता है. जिसमें अमूमन रुई की बाती का इस्तेमाल किया जाता है, जो आप बाजार से लेकर आते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपको बाजार की के. मिकल से बनी हुई बाती और घी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसमें केमिकल रंगों का इस्तेमाल किया जाता है और इसे सात्विक तरीके से बनाया भी नहीं जाता है. तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि दिवाली पर लक्ष्मी पूजन के दौरान आपको कैसी बाती का इस्तेमाल करना चाहिए.कलावे की बाती का करें इस्तेमालरू इसके अलावा अगर आप रुई की बाती की जगह भगवान भोलेनाथ की पूजा में दूसरी बाती का इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो आप हाथ में बांधने वाले कलावे के छोटे–छोटे टुकड़े कर लें और इसे भी बाती के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं. एक मिट्टी या पीतल का दीया लें, इसमें कलावे की बाती लगाएं, ऊपर से घी डालें या सरसों के तेल का इस्तेमाल करें और भगवान के समक्ष इस दीए को रखें.कलावे की दीपक जलाने का महत्वरू अगर आप पूजा कर रहे हैं, तो भगवान के समक्ष कलावे की बत्ती बनाकर दीपक जलाएं, इससे मंगल दोष से छुटकारा मिल सकता है और पवनपुत्र की कृपा भी बनी रहती है.कलावे की बत्ती से दीपक जलाने से कई फायदे होते हैं

1. कलावे की बत्ती से दीपक जलाने से मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है.
2. इससे घर में सुख–समृद्धि और सौभाग्य आता है.
3. अगर बत्ती खत्म हो जाए, तो कलावे को काटकर उसकी बत्ती बनाकर दीपक जलाना शुभ माना जाता है.
4. इससे पूजा भी संपूर्ण मानी जाती है.



दीपक जलाने से जुड़ी कुछ और बातेंरू

1. गोल बाती को फूल बाती भी कहा जाता है. शास्त्रों के मुताबिक, ब्रह्मा जी, इंद्रदेव, शिव जी, विष्णु जी जैसे देवी–देवताओं के मंदिर में गोल बाती का दीपक जलाना शुभ माना जाता है.
2. लंबी बाती का दीपक भगवान शिव, विष्णु, ब्रह्मा जी या किसी और देवता के सामने नहीं जलाना चाहिए.
3. मां लक्ष्मी, दुर्गा, सरस्वती, गौरी, मां काली जैसे देवी के सामने लंबी बाती जलाना चाहिए.
4. अगर कोई व्यक्ति आर्थिक संकट से परेशान है, तो पूजा के दौरान मूंग के आटे का दीपक जलाना चाहिए.
5. मुख्य द्वार पर दीपक जलाने के लिए घी या सरसों तेल का इस्तेमाल करना चाहिए.

## अयोध्या दीपोत्सव में पहुंचा 92 हजार लीटर सरसों का तेल, 55 घाट पर जलाएं जाएंगे 25 लाख दीए

अयोध्या– भगवान राम की नगरी अयोध्या में 8वां दीपोत्सव दिव्यता की तरफ बढ़ रहा है. इस बार दीपोत्सव बेहद खास है. भगवान रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हैं. राम की पैड़ी के 55 घाटों पर कल दीपक की आपूर्ति कर दी गई थी. आज घाटों पर तेल पहुंचाने का भी सिलसिला शुरू कर दिया गया है.घाटों पर तेल की आपूर्ति शुरू देर रात तक लगभग 92 हजार लीटर तेल की आपूर्ति कर दी जाएगी. साथ ही 25 लाख से ज्यादा दीपक राम की पैड़ी के 55 घाटों पर जलाए जाने हैं, जिसको जलाने में लगभग 92,000 लीटर सरसों के तेल की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति भी आज से शुरू की गई है और आज देर रात तक इसकी आपूर्ति पूरी कर ली जाएगी. कल से घाटों पर दीपक प्रज्वलित करने की अन्य आवश्यक वस्तुएं जैसे की मोमबत्ती कपूर छड़ी और बाती के पहुंचने का सिलसिला शुरू किया जाएगा.अवध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अमित वर्मा ने बताया कि घाटों पर अवध विश्वविद्यालय के वालंटियर एक तरफ दीपक लगा रहे हैं, तो दूसरी तरफ घाट नंबर–1 से लेकर सभी घाटों पर तेल की आपूर्ति की जा रही है. जहां 92000 लीटर तेल इस




बार के दीपोत्सव में जलाया जाएगा, जो 25 लाख दीपक में डाला जाएगा.इसके लिए 29 तारीख से इसकी शुरुआत भी हो जाएगी. हालांकि घाटों पर तेल पहुं. चने का सिलसिला जारी है. हम लोग उत्साहित हैं. एक बार फिर हम लोग नया रिकॉर्ड बनाएंगे, जिसको लेकर हम लोग चिलचिलाती धूप में लगातार तैयारी में लगे हैंदीपोत्सव के नोडल ने दी जानकारी वहीं, दीपोत्सव के नोडल अधिकारी ने बताया कि घाटों पर सभी सामग्रियां पहुंचाई जा रही हैं. 80 फीसदी से ज्यादा कार्य पूरा कर लिया गया है. बाकी बचाकर 29 अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाएगा. जहां अवध यूनिवर्सिटी के 30000 वालंटियर ग्राउंड पर मौजूद हैं और दीपक लगाने का कार्य कर रहे हैं. इस बार का दीपोत्सव प्रभु राम वाला है. जहां 25 लाख दीपक जलाकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है.

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा –संम्पाद
मौः– 8218049162,8273402499

## प्रदोष व्रत 29 अक्टूबर को, सूर्यास्त के बाद शिव पूजा से होगा लाभ

सनातन धर्म में प्रदोष व्रत का विशेष महत्व है. इस व्रत को करने से महिलाओं को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता है. इस बार कार्तिक माह का पहला प्रदोष व्रत कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को रखा जाएगा. उस दिन मंगलवार है, इस वजह से यह भौम प्रदोष व्रत है. अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार, यह अक्टूबर माह का अंतिम प्रदोष व्रत है. प्रदोष व्रत में भगवान शिव की पूजा सूर्यास्त के बाद होती है. इस बार भौम प्रदोष व्रत की पूजा के समय हस्त नक्षत्र है. इस दिन किए कुछ कार्यों से शुभ फलों की प्राप्ति होती है. वहीं, कुछ कार्यों को करने की मनाही भी होती है. अब सवाल है कि आखिर प्रदोष व्रत के दिन क्या करें और क्या न करें? इस बारे में बता रहे हैं उन्नाव के ज्योतिषाचार्य ऋषिकांत मिश्र शास्त्री–महिलाएं अपने वैवाहिक जीवन में खुशहाली लाने, वंश वृद्धि बढ़ाने और सुख समृद्धि बनाए रखने के लिए दूध में केसर मिलाकर प्रदोष काल में शिवलिंग पर अर्पित करें और जौ के आटे को भगवान शिव के चरणों में अर्पित कर इसकी रोटियां बनाएं. फिर इन रोटियों को गाय के बछड़े को खिलाएं. इससे घर में धन संपत्ति में वृद्धि होगी और इनकम की स्थिति भी सुधरेगी. इससे आपकी सभी परेशानियां खत्म हो जाएंगी.कार्तिक माह का पहला प्रदोष व्रत 2024 पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ 29 अक्टूबर को सुबह 10 बजकर 31 मिनट पर होगा



और इसका समापन 30 अक्टूबर को दोपहर में 1 बजकर 15 मिनट पर होगा. प्रदोष पूजा मुहूर्त के आधार पर कार्तिक माह का पहला प्रदोष व्रत यानी भौम प्रदोष व्रत 29 अक्टूबर को रखा जाएगा.

**जननायक सम्राट**
**हिंदी साप्ताहिक**
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा